प्रादेशिक समाचार
31.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देश समेत राज्यभर में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष ने सरदार पटेल को किया नमन।
2. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा–इंदिरा गांधी का नेतृत्व देश के विकास के लिए रहा ऐतिहासिक।
3. झारखंड स्थापना दिवस पर राजकीय समारोह को लेकर तैयारियां भ्ाुरू, गृह सचिव वंदना डाडेल ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण।
4. खाद्य उत्पादों पर "ओआरएस" शब्द के दुरुपयोग को रोकने के लिए गुमला में बैठक आयोजित, नियम का उल्लंघन करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई।
5. चक्रवाती तूफान मोंथा से राज्यभर में लगातार बारिश और ठंड में हुई बढ़ोतरी, मौसम विभाग ने कल से तूफान के कमजोर पड़ने की जताई संभावना।

****************

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित राज भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और रियासतों के एकीकरण से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने इस अवसर पर राज्यवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी महान स्वतंत्रता सेनानी और देश के पूर्व उप–प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से कहा कि देश की एकता और अखंडता को सशक्त आधार प्रदान करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल जी का योगदान सदियों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

****************

आज राज्यभर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। धनबाद में अखिल भारतीय पटेल सेवा संघ की ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में डुमरी विधायक जयराम महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

****************

रामगढ़ में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए। मौके परसुदेश महतो ने कहा कि पटेल जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

****************

राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर दुमका ज़िले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और सरदार पटेल विचार मंच के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज की एकता और राष्ट्र के विकास में सभी को योगदान देना चाहिए।

****************

पलामू के मेदिनीनगर के टाउन हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 42वीं पुण्यतिथि और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई, जिसमें राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के देशहित में किए गए योगदानों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं और कांग्रेस सरकार ने विकास की कई योजनाएं शुरू की।

****************

राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में 11 से 15 नवंबर तक झारखंड राज्य स्थापना दिवस का राजकीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है, जिसका जायजा लेने गृह सचिव वंदना डाडेल अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। मौके पर गृह सचिव ने जानकारी दी कि स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे।

****************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभाग के उपनिदेशक विनीत कुमार और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण सहित कई अधिकारी शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांख्यिकी के महत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विजन से जोड़ना रहा।

****************

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। आज, हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से आम जन को हुए लाभ की जानकारी दे रहे हैं।

****************

गुमला में सदर अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में चैंबर ऑफ कॉमर्स और एसोसिएशन ऑफ ड्रग एंड केमिस्ट के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एफएसएसएआई और राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त कार्यालय के निर्देशों की जानकारी दी गई कि अब किसी भी खाद्य या पेय उत्पाद में "ओ आर एस " शब्द का उपयोग नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि "ओ आर एस " शब्द का दुरुपयोग करने वाले उत्पादों को भ्रामक मानकर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

****************

हजारीबाग में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में न्यायमूर्ति डॉ. बिद्युत रंजन सरंगी ने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें शिक्षा और रोजगार में समान अवसर मिलना चाहिए।

*****************

आकाशवाणी रांची में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को विदाई देने के लिए आज फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें कार्यक्रम अधिशासी मनोज कुमार, लेखापाल संदीप कुमार , लिपिक सुनील प्रसाद और एमटीएस सोनुवा देवी शामिल हैं। इस अवसर पर आकाशवाणी रांची के कार्यालय प्रमुख सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

*****************

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश जिलों में लगातार बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है और ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह प्रणाली उत्तर–उत्तर–पूर्व की ओर बढ़ते हुए बिहार की दिशा में जा रही है और कल तक कमजोर पड़ने की संभावना है।

********समाप्त*********